राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (National Monetisation Pipeline)

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/national-monetisation-pipeline

- केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 अगस्त, 2021 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन का शुभारंभ किया है। इसमें **केंद्र सरकार की ब्राउनफील्ड अवसंरचना परिसंपत्तियों से संबंधित चार-वर्षीय पाइपलाइनों को शामिल** किया गया है।
- राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन निवेशकों को दृश्यता प्रदान करने के अतिरिक्त सरकार की परिसंपत्ति मुद्रीकरण पहल के लिये एक मध्यम अवधि रोडमैप के रूप में भी कार्य करेगी। निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के अनुसार **राष्ट्रीय मुद्रीकरण योजना के तहत लगभग छह लाख करोड़ रुपए की परिसंपत्ति के वित्तीय संसाधन जुटाने की योजना** है, जिसमें पावर ग्रिड पाइपलाइन तथा राष्ट्रीय राजमार्ग जैसी कई परिसंपत्तियाँ शामिल हैं।
- केंद्रीय बजट 2021-22 में नए बुनियादी ढाँचे के विकास के लिये वित्त जुटाने के रूप में परिचालित सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे की संपत्ति के मुद्रीकरण को एक नवीन एवं महत्त्वपूर्ण विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। साथ ही, इस बजट में कई प्रमुख घोषणाओं को भी शामिल किया गया था।
- राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन पुस्तक का विमोचन नीति आयोग के उपाध्यक्ष, मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा संबंधित मंत्रालयों, जिनकी परिसंपत्तियों पर मुद्रीकरण पाइपलाइन आधारित है, के सचिवों की उपस्थिति में किया जाएगा।

X